45

बिहार सरकार

ग्रामीण कार्य विभाग

सकारण आदेश

सकारण आदेश संख्या–14/अ0प्र0–14–229/2025 3540 /पटना, दिनांक– 19.3.26

संवेदक Ramesh Prabhakar, (Reg. No. 3150171) Add:- 2, Khas Chainpur, Village-Samartha, Anchal-Kalyanpur, Dist- Samastipur, Bihar, Pincode- 841860 को कार्य प्रमंडल, खगड़िया के अधीन **MMGSY (SC)** योजनान्तर्गत Mathar Samudayik Bhawan se Karumandal tola (Agreement No.14 SBD/2020-21) पथ का निर्माण कार्य एवं पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य आवंटित किया गया। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 28.08. 2020 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 27.08.2021 था। संदर्भित पथ की कार्य समाप्ति की वास्तविक तिथि:–24.03.2022 है।

उक्त पथ में निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के बाद भी संवेदक द्वारा उक्त पथ का पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य पूर्ण नहीं किया गया। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खगड़िया द्वारा उक्त पथ का पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य पूर्ण करने हेतु कई बार नोटिस दिया गया परन्तु संवेदक द्वारा पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य पूर्ण करने में कोई अभिरूचि नहीं ली गई।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खगड़िया के पत्रांक 549 अनु0 दिनांक 24.04.2025 द्वारा एकरारनामा संख्या:–14 SBD/2020-21 को विखंडित करते हुए संवेदक के निबंधन को विभागीय कालीसूची में सम्मिलित करने हेतु अनुशंसा उपलब्ध कराया गया।

उक्त अनुशसां के आलोक में विभागीय पत्रांक 8809 अनु0 दिनांक 14.08.2025, पत्रांक 9629 दिनांक 04.09.2025 एवं पत्रांक 11144 दिनांक 30.10.2025 द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित किये जाने हेतु निदेशित किया गया। निर्धारित अवधि के समाप्त हो जाने के बाद भी संवेदक द्वारा स्पष्टीकरण उपलब्ध नहीं कराया गया। इससे स्पष्ट होता है, कि संवेदक को अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना है।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खगड़िया के पत्रांक 393 अनु0 दिनांक 18.02.2026 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि संवेदक द्वारा संदर्भित पथ का अनुरक्षण कार्य करने में रूची नहीं जा रही है, वर्त्तमान में पथ जर्जर स्थिति में है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 की कंडिका 11(क) (vi) एवं 11 (ख) (ii) के आलोक में संवेदक Ramesh Prabhakar, (Reg. No. 3150171) Add:- 2, Khas Chainpur, Village-Samartha, Anchal-Kalyanpur, Dist-Samastipur, Bihar, Pincode- 841860 के निबंधन संख्या:–3150171, PAN No. BBLPP3535N को अगले 04 (चार) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

ह0/- 18.03.26

(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

निबंधित

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–229/2025 3540 /पटना, दिनांक– 19.3.26

प्रतिलिपि– संवेदक Ramesh Prabhakar, (Reg. No. 3150171) Add:- 2, Khas Chainpur, Village-Samartha, Anchal-Kalyanpur, Dist- Samastipur, Bihar, Pincode- 841860 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/- 18.03.26

अभियंता प्रमुख

कृ0प्र0उ0

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–229/2025 3540 /पटना, दिनांक– 19.3.26

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव/सचिव/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधान विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/ नगर विकास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/ सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियता/सभी कार्यपालक अभियंता/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18-03-26

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–229/2025 3540 /पटना, दिनांक– 19.3.26

प्रतिलिपि– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

18-03-26

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–229/2025 3540 /पटना, दिनांक– 19.3.26

प्रतिलिपि– नोडल पदाधिकारी, निबंधन, ग्रामीण कार्य विभाग/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18-03-26

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–229/2025 3540 /पटना, दिनांक–19.3.26

Vebsite

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है इस पत्र को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करा दिया जाय।

18-03-26

अभियंता प्रमुख